| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 1.2.2025 | 02 | मेट्रो के कमर्शियल रन के साथ अब टीसीएस से रेडिसन ट्रैक और 11 स्टेशन पर फोकस |

दैनिक भास्कर इंदौर 01-02-2025 Pg-02

**मेट्रो एमडी ने किया ट्रैक का दौरा** • सीएमआरएस निरीक्षण के अगले चरण की तैयारी शुरू

# मेट्रो के कमर्शियल रन के साथ अब टीसीएस से रेडिसन ट्रैक और 11 स्टेशन पर फोकस

भास्कर संवाददाता | इंदौर

मेट्रो के सीएमआरएस निरीक्षण के अगले चरण की तैयारी शुरू हो गई है। एमडी एस कृष्णचैतन्य व उनकी टीम ने शुक्रवार को प्रायरिटी कॉरिडोर के साथ 11 स्टेशन व ट्रैक का निरीक्षण किया। उन्होंने सुपर प्रायरिटी कॉरिडोर और डिपो पर चल रहे काम देखे। अधिकारियों ने कहा मेट्रो के रोलिंग स्टॉक और डिपो की रिपोर्ट का इंतजार है। सीएमआरएस के दूसरे चरण के लिए स्टेशन की सफाई और धुलाई की जा रही है, जन सुविधाओं का ट्रायल हो रहा है। जल्द ही निरीक्षण की तारीख मिलने की संभावना है। इन रिपोर्ट के आधार पर ही सुपर कॉरिडोर पर कमर्शियल रन की अनुमति दी जाएगी। एमडी ने कहा कि कमर्शियल रन के साथ ही अब हमारा लक्ष्य टीसीएस से रेडिसन ट्रैक और 11 स्टेशन पर रहेगा। सुपर कॉरिडोर रेलवे लाइन क्रास करने के लिए सभी अनुमतियां मिल गई है, इसके स्टील गर्डर के काम में भी तेजी लाएं। निरीक्षण के दौरान जीएम एलिवेटेड व प्रोजेक्ट आरएस राजपूत, अजय कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

▪ **पैरामीटर्स की जांच चल रही-** अगले चरण में पांच स्टेशन, जन सुविधा और ट्रैक सुरक्षा की जांच की जाना है। स्टेशन की आंतरिक सफाई और धुलाई का काम जारी है। सीढ़ी निर्माण, बाहरी डेकोरेशन का काम भी तेजी से हो रहा है। स्टेशन के अंदर के काम पूरे हो गए हैं, इनकी फिनिशिंग और पैरामीटर्स के अनुसार जांच चल रही है। लोक सुविधा के लिए लगाए गए सिस्टम का लगातार ट्रायल किया जा रहा है।





मेट्रो के स्टेशन का निरीक्षण करते मेट्रो के एमडी एस कृष्ण चैतन्य, अजय गुप्ता, शोभित टंडन, आरएस राजपूत व अन्य।

## कमर्शियल रन के दौरान पब्लिक ट्रैक तक न पहुंचें, इसकी तैयारी रखें

एमडी ने अफसरों को कहा ट्रैक की सुरक्षा अच्छे से जांच ले। कमर्शियल रन के दौरान पब्लिक ट्रैक तक नहीं पहुंचे, इसके लिए सुरक्षा को पूरी प्राथमिकता से देख लिया जाए। इंदौर में ट्रेन को पॉवर सप्लाय के लिए ओवर हेड केबल के स्थान पर थर्ड रेल सिस्टम लगाया है। इसके लिए ट्रैक पर ही पटरी के साथ एक पटरी लगाई है, जिसमें करंट रहेगा। इसी के सहारे रेल को पॉवर मिलेगा। इसके लिए सुरक्षा इंतजाम अच्छे से किए जा रहे हैं, जिससे कोई भी ट्रैक की ओर नहीं जा सके, क्योंकि यहां करंट का खतरा हो सकता है।

## टीसीएस से रेडिसन तक भी किया निरीक्षण स्टेशन निर्माण में गति लाने के निर्देश दिए

एमडी ने दूसरे चरण में टीसीएस स्टेशन से रेडिसन के निर्माणाधीन ट्रैक का भी निरीक्षण किया। यहां स्टेशन निर्माण में गति लाने के निर्देश दिए गए हैं। सुपर कॉरिडोर रेलवे ओवर ब्रिज के पास रेलवे पटरी पार करने के लिए सभी अनुमतियां मिल गई हैं। काम में तेजी लाना चाहिए। ब्रिज और पटरी क्रास करने के लिए आब्लीगेटरी स्पॉन स्टील के बनना है। इसके लिए गर्डर निर्माण का काम शुरू कर दिया है। कमर्शियल रन के साथ ही कार्पोरेशन की मंशा है मेट्रो का संचालन जल्द ही गांधीनगर से शहीद पार्क के बीच हो, जिससे एयरपोर्ट, उज्जैन रोड की आबादी को खजराना, पीपल्याहाना, बंगाली की ओर आवाजाही में आसानी हो सके।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 1.2.2025 | 3 | मेट्रो एमडी एस. कृष्ण चैतन्य सहित अफसरों ने किया प्रायोरिटी कॉरिडोर का दौरा जुलाई तक 11 किमी में मेट्रो शुरू करने का लक्ष्य |

बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

इंदौर सिटी Page: 3 February 01, 2025

# मेट्रो एमडी एस. कृष्ण चैतन्य सहित अफसरों ने किया प्रायोरिटी कॉरिडोर का दौरा

# जुलाई तक 11 किमी में मेट्रो शुरू करने का लक्ष्य

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9584460010

इंदौरवासियों को जुलाई 2025 तक मेट्रो के पहले चरण की यात्रा करवाने का लक्ष्य रखकर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन काम कर रहा है। वर्तमान में 5.9 किलोमीटर के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर में मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया जा चुका है। इसके बाद मेट्रो के अधिकारियों ने 11 किलोमीटर के हिस्से में ट्रेन चलाने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। शुक्रवार को मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य और अधिकारियों ने निरीक्षण कर ठेकेदार कंसल्टेंट को समन्वय बनाकर बचे हुए काम को तेजी से समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।



कॉरिडोर का निरीक्षण करते अफसर।

## आईएसबीटी पर एफओबी का निर्माण

एमडी ने बताया कि मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत मेट्रो स्टेशन सुपर कोरिडोर-2 से लेकर मालवीय नगर चौराहा (रेडिसन चौराहा) तक 11 स्टेशन और गांधीनगर डिपो पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही एमआर-10 से खजराना चौराहा के बीच बन रहे रिसिविंग सब-स्टेशन का निर्माण निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए।साथ ही आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी के तहत बनाए जा रहे फुट ओवरब्रिज का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने निर्देश दिए।

**सिंहस्थ से पहले मेट्रो-एयरपोर्ट होंगे कनेक्ट-** मुख्यमंत्री सिंहस्थ से पहले मेट्रो से एयरपोर्ट, आईएसबीटी बस स्टैंड को कनेक्ट करने के निर्देश दे चुके हैं, जिसका फायद सिंहस्थ में चलने वाली इंदौर-उज्जैन मेट्रो को मिल सके। हालांकि उज्जैन तक मेट्रो चलाने के लिए फिलहाल कागजी तैयारियां पूर्ण नहीं की गईं।

इंदौर में मेट्रो का पहला चरण जुलाई 2025 तक पूर्ण करने के लक्ष्य अनुसार काम किया जा रहा है। यहां स्टेशन इमारत बन चुकी है। एप्रोच निर्माण नहीं हुआ है। हमारा फोकस अब एप्रोच का सिविल वर्क पूरा करने पर है।

-एस. कृष्ण चैतन्य,
एमडी, मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | नवभारत | इंदौर | 1.2.2025 | 02 | प्रायोरिटी कॉरिडोर पर सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण करें |



# प्रायोरिटी कॉरिडोर पर सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण करें

- मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक ने किया निरीक्षण
- ऑफिस में ली अधिकारियों और कॉन्ट्रेक्टर्स की बैठक

नवभारत न्यूज

**इंदौर. शुक्रवार को मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य ने इंदौर मेट्रो प्रयोरिटी कॉरीडोर के तहत सुपर कोरिडोर-02 से मालवीय नगर चौराहा (रेडिसन स्क्वेर) तक 11 स्टेशन एवं गांधीनगर डिपो पर चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर प्रगति समीक्षा बैठक सी और स्थलीय निरीक्षण किया.**

प्रबंध संचालक द्वारा गांधीनगर डिपो से स्थल निरीक्षण की शुरुआत करते हुए डिपो मे चल रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया साथ ही सुपर कॉरीडोर 02 से मालवीय नगर चौराहा (रेडिसन स्क्वेर) तक निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया जिसमे एंट्री-एक्सिट, सिस्टम रूम्स इत्यादि की प्रगति संबंधी कार्यों की जानकारी ली. प्रबंध संचालक द्वारा प्रोजेक्ट से जुड़े सभी कॉन्ट्रेक्टर्स को आपसी सामंजस्य से तय समय में प्रायोरिटी कॉरिडोर पर सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए. प्रबंध संचालक की समीक्षा बैठक एवं निरीक्षण में वरिष्ठ अधिकारीगण शोभित टंडन निदेशक सिस्टम, अजय गुप्ता निदेशक प्रोजेक्ट्स, रणवीर सिंह राजपूत महाप्रबंधक सिविल एलेवेटड, अजय कुमार महाप्रबंधक सिविल अन्डरग्राउन्ड, के साथ-साथ जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण संवेदकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. प्रबंध संचालक द्वारा मेट्रो कार्यालय में सम्पूर्ण प्रयोरिटी कॉरीडोर के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई एवं सिविल तथा सिस्टम के कार्यों को समन्वय बैठाकर समानांतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए.



## फुटओवर ब्रिज का काम भी देखा

प्रबंध संचालक द्वारा एमआर-10 तथा खजराना चौराहा पर बन रहे रिसिविंग सब-स्टेशन की प्रगति को लेकर जानकारी प्राप्त की एवं निर्धारित समय मे पूर्ण करने के निर्देश दिए. प्रबंध संचालक द्वारा आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी के तहत फुट ओवर ब्रिज के जरिए आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन एवं बस स्टेण्ड को जोड़ने वाले कार्य का भी निरीक्षण किया एवं जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए.

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | नईदुनिया | इंदौर | 1.2.2025 | 3 | मेट्रो प्रोजेक्ट : प्रबंध संचालक ने समीक्षा के बाद किया निरीक्षण<br>प्रायोरिटी कारिडोर पर एक साथ पूरे होंगे सिविल और सिस्टम के काम |



नईदुनिया 3
इंदौर, शनिवार, 01 फरवरी, 2025

### मेट्रो प्रोजेक्ट : प्रबंध संचालक ने समीक्षा के बाद किया निरीक्षण

# प्रायोरिटी कारिडोर पर एक साथ पूरे होंगे सिविल और सिस्टम के काम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर** : मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक एस कृष्ण चैतन्य ने शुक्रवार को मेट्रो प्रायोरिटी कारिडोर के विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा कर स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने प्रायोरिटी कारिडोर पर सिविल और सिस्टम से संबंधित कार्यों को समानांतर तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इंदौर में मेट्रो के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक मेट्रो कार्यालय में आयोजित हुई। इसके बाद प्रबंध संचालक एस कृष्ण ने गांधीनगर डिपो से निरीक्षण की शुरुआत की। उन्होंने डिपो में चल रहे विभिन्न कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद एमआर-10 एवं खजराना चौराहे पर बन रहे रिसीविंग सब स्टेशन की प्रगति का अवलोकन किया। सभी काम निर्धारित समय पर पूरे करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। इस दौरान निदेशक (सिस्टम) शोभित टंडन, निदेशक (प्रोजेक्ट्स) अजय गुप्ता, महाप्रबंधक (सिविल एलिवेटेड) रणवीर सिंह राजपूत, महाप्रबंधक (सिविल अंडरग्राउंड) अजय कुमार, जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण संवेदकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



निर्माण कार्यों के निरीक्षण के लिए मेट्रो के प्रबंध संचालक पहुंचे । ● नईदुनिया

**ओवरब्रिज को जल्द करें पूर्ण** : प्रबंध संचालक एस कृष्ण चैतन्य ने मेट्रो स्टेशन को एमआर-10 आइएसबीटी से जोड़ने वाले ओवरब्रिज का निरीक्षण भी किया। मेट्रो मल्टी माडल ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी के तहत फुट ओवरब्रिज बनाया जा रहा है। प्रबंधन संचालक ने इसे जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुपर कारिडोर-2 से रेडिसन चौराहा तक 11 स्टेशन का निरीक्षण किया।

MPMETRO

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | Free Press journal | Indore | 3.2.2025 | 03 | Vacancies announced for Indore, Bhopal Metro |

*www.freepressjournal.in* Pg-03 **indore** Indore, Monday, February 3, 2025

# Vacancies announced for Indore, Bhopal Metro

**Indore:** With the Metro work nearing completion, the Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL) has announced a recruitment drive for various positions in Indore and Bhopal Metro.

The posts include supervisors, maintainers, HR assistants and account assistants. The online application process will close on February 10. The recruitment includes a total of 28 vacancies for roles such as supervisor (signalling & telecom, rolling stock, traction & track), maintainer (signalling & telecom, rolling stock, traction & track, works), assistant store, assistant human resource and assistant finance.

Candidates must meet the eligibility criteria, which include educational qualifications ranging from class 10 pass, ITI, three- year diplomas in electrical, electronics, and mechanical engineering to degrees like BCom or MCom, depending on the specific role. Relevant work experience in the respective field is also required. The age limit for applicants is between 21 and 43 years.

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 | नईदुनिया | इंदौर | 10.2.2025 | 3 | मेट्रो स्टेशन और वायडक्ट के निरीक्षण के लिए आज आएगी सीएमआरएस टीम |



# मेट्रो स्टेशन और वायडक्ट के निरीक्षण के लिए आज आएगी सीएमआरएस टीम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौरः** इंदौर मेट्रो के स्टेशन और वायडक्ट के निरीक्षण के लिए सोमवार को कमिश्नर आफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (सीएमआरएस) की टीम इंदौर पहुंचकर सुपर प्रायोरिटी कारिडोर के 5.9 किलोमीटर हिस्से में बने पांच स्टेशन का निरीक्षण शुरू करेगी। टीम के सदस्य तीन से चार दिन तक इंदौर में रुकेंगे और स्टेशन पर यात्री सुरक्षा व सुविधा से जुड़े तय मापदंडों का निरीक्षण करेंगे। प्लेटफार्म पर मेट्रो को खड़ाकर उसकी दूरी की जांच भी की जाएगी।

टीम इसके अलावा सीढ़ियां, एस्केलेटर, स्टेशन में यात्री प्रवेश मार्ग, लिफ्ट, अनाउंसमेंट सिस्टम, दृष्टिबाधितों के लिए प्लेटफार्म पर सूचना संकेतक सुविधा जैसे साधनों की जांच भी करेगी। टीम के निरीक्षण के पश्चात दिल्ली में कमिश्नर आफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। इसके बाद सीएमआरएस जनक कुमार गर्ग इंदौर आकर निरीक्षण करेंगे। गौरतलब है कि सीएमआरएस ने अपनी टीम के साथ 21 जनवरी को मेट्रो कोच व डिपो में मौजूद सुविधाओं का निरीक्षण किया था।



सुपर प्रायोरिटी कारिडोर पर बने मेट्रो स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के निरीक्षण के लिए आएगी सीएमआरएस की टीम। ● नईदुनिया

हालांकि अभी इसकी निरीक्षण रिपोर्ट मेट्रो प्रबंधन को नहीं सौंपी गई है। सीएमआरएस की टीम का दूसरा दौरा इंदौर में हो रहा है। ऐसे में यह संभावना जताई जा रही है कि इंदौर मेट्रो के पिछली बार के निरीक्षण की रिपोर्ट बेहतर होने के कारण ही टीम दूसरे दौरे के निरीक्षण के लिए आएगी। इस निरीक्षण के पश्चात सीएमआरएस दोनों निरीक्षण रिपोर्ट जारी करेंगे। फिर इंदौर में मेट्रो में यात्री परिवहन के लिए कमर्शियल रन को हरी झंडी मिल पाएगी।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 10.2.2025 | 2 | आज मेट्रो के सिविल स्ट्रक्चर की जांच करने आएगी सीएमआरएस |


बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल


इंदौर सिटी Page: 2 February 10, 2025


# आज मेट्रो के सिविल स्ट्रक्चर की जांच करने आएगी सीएमआरएस

इंदौर। इंदौर में मेट्रो ट्रेन आम नागरिकों के लिए चलने से पहले दूसरी बार मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त की टीम जांच के लिए आज इंदौर आएंगी। गत 21 और 22 जनवरी को सीएमआरएस की टीम ने इंदौर मेट्रो ट्रेन के कोच का परीक्षण करने के साथ डिपो में मेट्रो संचालन की गतिविधियों का परीक्षण किया था। इस दौरान मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त ने जनक गर्ग लखनऊ से इंदौर आए थे। अब सोमवार से मेट्रो ट्रेन का दूसरा परीक्षण शुरू होगा, जो लगभग दो दिनों तक चलेगा। इसके लिए सोमवार को लखनऊ से इंदौर टीम आएगी। वहीं शाम को सुरक्षा आयुक्त जनक गर्ग इंदौर आएंगे। इस दौरान मेट्रो के सिविल स्ट्रक्चर की जांच होगी, जिसमें 5.9 किमी लंबे मेट्रो के एलिवेटेड ट्रैक और 5 मेट्रो स्टेशन का स्ट्रक्चर की जांच की जाएगी।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 8 | Free press Journal | Indore | 10.2.2025 | 05 | On fast track |





**on fast track**

The Metro curve from Radisson Square to Vijay Nagar on Sunday - pic by PINTU NAMDEV

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 9 | पत्रिका | इंदौर | 10.2.2025 | | निरीक्षण करने आज आएगी सीएमआरएस टीम |

INDOREPRIME
इंदौर प्राइम
पत्रिका patrika.com
इंदौर, सोमवार 10 फरवरी, 2025

**मेट्रो ट्रेन:** इसी माह प्रायोरिटी कॉरिडोर पर हो सकता है कमर्शियल रन, तैयारियां पूरी

# निरीक्षण करने आज आएगी सीएमआरएस टीम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** गांधी नगर डिपो से सुपर कॉरिडोर तक 5.8 किमी में इसी माह मेट्रो के कमर्शियल रन की तैयारी है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने इसकी तैयारी कर ली है। सुरक्षा इंतजामों की जांच करने सोमवार को दिल्ली से कमिश्नर मेट्रो रेल सिक्योरिटी (सीएमआरएस) के अधिकारी पहुंचेंगे। अधिकारी मेट्रो के सिविल कार्यों की जांच रिपोर्ट मेट्रो के



कमिश्नर को दिल्ली में देंगे। सीएमआरएस से ऑडिट रिपोर्ट मिलते ही इसी माह कमर्शियल रन हो सकता है। मालूम हो, 22 और 23 जनवरी को गांधी नगर डिपो और मेट्रो ट्रेन के सिक्योरिटी ऑडिट के लिए सीएमआरएस टीम इंदौर आई थी और रोलिंग स्टॉक, लोड टेस्टिंग, स्पीड व अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की थी। इस बार अधिकारी सिविल कार्यों जैसे स्टेशन, प्लेटफॉर्म, ट्रैक, सिग्नलिंग आदि का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के बाद स्थानीय अधिकारी बैठक कर तैयारियों की जानकारी और प्रेजेंटेशन देंगे। अधिकारियों के साथ एमडी एस. कृष्ण चैतन्य, निदेशक शोभित टंडन और इंदौर मेट्रो के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### दस्तावेज किए तैयार

निरीक्षण को लेकर दस्तावेज तैयार कर लिए गए हैं। पिछले दिनों मेट्रो ट्रैक व डिपो और सिविल कार्य दोनों की ऑडिट रिपोर्ट जल्द ही मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमपीआरसीएल) को सौंपी जाएगी। इसके बाद स्थानीय स्तर पर अनुमति लेकर मेट्रो का संचालन किया जाएगा।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | नवभारत | इंदौर | 11.2.2025 | 3 | मेट्रो स्टेशन पर पुलिस की मॉक ड्रिल |







जांच | सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

# मेट्रो स्टेशन पर पुलिस की मॉक ड्रिल



**इंदौर. शहर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारी को परखने के लिए पुलिस की बीडीडीएस (बम निरोधक दस्ता) टीम और सुरक्षा कर्मियों ने मेट्रो स्टेशन गांधी नगर पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया. इस अभ्यास के तहत आग लगने, विस्फोटक सामग्री मिलने या अन्य आपातकालीन स्थितियों में सुरक्षा मानकों का पालन कैसे किया जाए, इसका जीवंत प्रदर्शन किया गया.**

ड्रिल में सहायक पुलिस आयुक्त गांधी नगर रुबिना मिजवानी ने बताया कि सहायक पुलिस आयुक्त सुरक्षा अनिल कुमार मंडराह एवं बीडीडीएस प्रभारी खालिद मुश्ताक के निर्देशन में पुलिस सुरक्षा शाखा, थाना स्टाफ और बीडीडीएस टीम ने मेट्रो सुरक्षा कर्मियों को आपातकालीन स्थितियों में कार्रवाई करने का प्रशिक्षण दिया. इस दौरान लावारिस वस्तु मिलने या विस्फोटक सामग्री पाए जाने की स्थिति में सुरक्षा उपायों को अमल में लाने का अभ्यास किया गया. शहर में विभिन्न आयोजनों और महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस, प्रशासन और संबंधित संस्थानों की सुरक्षा तैयारियों का मूल्यांकन किया जा रहा है. इसी कड़ी में, पुलिस उपायुक्त आसूचना एवं सुरक्षा अंकित सोनी और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुरक्षा प्रमोद सोनकर के मार्गदर्शन में इंदौर पुलिस सुरक्षा शाखा और बीडीडीएस टीम ने सोमवार दोपहर इंदौर मेट्रो के गांधी नगर स्टेशन पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया. पुलिस अधिकारियों ने मेट्रो स्टेशन पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों और कर्मचारियों से चर्चा कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने बताया कि किसी भी अप्रिय स्थिति में जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सतर्कता और त्वरित प्रतिक्रिया आवश्यक है.

## तत्परता को परखा

इस अभ्यास के माध्यम से सुरक्षा दलों की तत्परता को परखा गया और आवश्यक सुधारों पर बल दिया गया. पुलिस द्वारा इस तरह के अभ्यास भविष्य में भी जारी रहेंगे, जिससे शहर की सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके.

MPMETRO

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | नईदुनिया | इंदौर | 11.2.2025 | 3 | सीएमआरएस की टीम ने मेट्रो के दो स्टेशनों का किया दौरा |



# सीएमआरएस की टीम ने मेट्रो के दो स्टेशनों का किया दौरा

- स्टेशन पांच-छह व गांधीनगर स्टेशन का निरीक्षण आज
- वायडक्ट निर्माण से जुड़े दस्तावेज भी देखेगी टीम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर** : कमिश्नर आफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (सीएमआरएस) के चार सदस्यों के दल ने सोमवार को सुपर प्रायोरिटी कारिडोर पर बने पांच में से दो मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया। टीम ने सुबह 12 से शाम छह बजे तक सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर तीन और चार का निरीक्षण किया।

उन्होंने मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों से जुड़ी सुविधाओं का निरीक्षण किया। मंगलवार को टीम के सदस्य स्टेशन नंबर पांच और छह व गांधी नगर स्टेशन का निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात बुधवार को टीम के सदस्य मेट्रो स्टेशन व वायडक्ट निर्माण से जुड़े दस्तावेजों का अवलोकन भी करेंगे।

गौरतलब है कि मेट्रो रेल प्रबंधन द्वारा सुपर कारिडोर के 5.9 किलोमीटर हिस्से पर मेट्रो का संचालन शुरू कर कमर्शियल रन शुरू करने की योजना बना रहा है। सीएमआरएस टीम इस हिस्से का निरीक्षण कार्य पूरा होने के पश्चात रिपोर्ट सौंपेगी। इसके बाद मेट्रो में यात्रियों के सफर को हरी झंडी मिल सकेगी। शुरुआत में सुपर प्रायोरिटी कारिडोर पर पांच मेट्रो कोच को दिन में अलग-अलग समय चलाया जाएगा। उम्मीद है कि शीघ्र ही लोग मेट्रो का सफर कर सकेंगे।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 | राज एक्सप्रेस | इंदौर | 11.2.2025 | 5 | मेट्रो स्टेशन गांधी नगर की सुरक्षा परखी टीम ने |


राज एक्सप्रेस
मंगलवार, 11 फरवरी, 2025





www.rajexpress.com


# मेट्रो स्टेशन गांधी नगर की सुरक्षा परखी टीम ने

● इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क

शहर की सुरक्षा व्यवस्था तथा शहर में विभिन्न आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा शहर के महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की चैकिंग व निरीक्षण एवं आपातकालीन स्थिति में पुलिस, प्रशासन व संस्थानों की क्या सुरक्षा तैयारियां है इसका भी जायजा लिया जा रहा है। इसी अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त अंकित सोनी एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त प्रमोद सोनकर के मार्गदर्शन में इंदौर पुलिस की सुरक्षा शाखा एवं बीडीडीएस टीम द्वारा सोमवार को इंदौर मेट्रो के गांधी नगर स्टेशन पर किसी आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु किस प्रकार बेहतर सुरक्षा संबंधी प्रबंधन किया जाए इस संबंध में मॉक ड्रिल की गई।

## आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए

इस ड्रिल में सहायक पुलिस आयुक्त गांधी नगर रुबिना मिजवानी, सहायक पुलिस आयुक्त सुरक्षा अनिल कुमार मंडराह एवं बीडीडीएस प्रभारी खालिद मुश्ताक के मार्गदर्शन में पुलिस सुरक्षा शाखा, थाना स्टाफ एवं बीडीडीएस टीम द्वारा इंदौर मेट्रो के सुरक्षा कर्मियों को भी लेकर किसी आपातकालीन परिस्थितियों लावारिस ,विस्फोटक सामग्री वाली वस्तु मिलने पर किस प्रकार से कार्यवाही की जाए एवं जनता की सुरक्षा का ध्यान किस प्रकार रखा जाए आदि बातों का जीवंत अभ्यास कराया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा मेट्रों स्टेशन पर किसी अप्रिय स्थिति में जान माल की सुरक्षा का ध्यान किस प्रकार रखेंगे और किन बातों का ध्यान रखेंगें, आदि के संबंध में सभी से बात की तथा उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

MPMETRO

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 13 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 11.2.2025 | 06 | उधर, गांधीनगर मेट्रो स्टेशन पर BDDS की सुरक्षा ड्रिल |

दैनिक भास्कर इंदौर 11-02-2025



# उधर, गांधीनगर मेट्रो स्टेशन पर BDDS की सुरक्षा ड्रिल

## स्टेशन कर्मचारियों व सुरक्षा गार्ड को किया ट्रेंड



बीडीडीएस की टीम ने कर्मचारियों व सुरक्षा गार्ड को किया ट्रेंड।

भास्कर संवाददाता | इंदौर

मेट्रो स्टेशन पर नागरिकों की सुरक्षा के लिए पुलिस ने मेट्रो स्टेशन के कर्मचारी, अधिकारी और सुरक्षा कर्मचारियों को ट्रेंड करना शुरू कर दिया है। इसे लेकर सोमवार को पुलिस की बम डिस्पोजल एंड डिटेक्शन स्क्वॉड (बीडीडीएस) की टीम ने सुरक्षा ऑडिट किया।


डीसीपी इंटेलिजेंस अंकित सोनी के निर्देशन में टीम गांधी नगर स्थित मेट्रो स्टेशन पहुंची। यहां भीड़ की मौजूदगी में किसी भी तरह की अप्रिय सूचना पर कैसे आम लोगों को सुरक्षा दी जाए। उसे लेकर विशेष ट्रेनिंग सेशन आयोजित किया गया। इस दौरान बीडीडीएस ने मेटल डिटेक्टर्स संसाधनों व बम डिटेक्शन के बारे में कैसे सुरक्षा की जानी चाहिए, इसके बारे में मेट्रो के अधिकारी व कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी। बम मिलने की सूचना या अफवाह में किसी भी तरह की भगदड़ या सूचना पर कैसे पुलिस को सूचना दें और बीडीडीएस को बुलाएं, इस बारे में समझाइश दी। वहीं ऐसी स्थिति से निपटने के लिए विशेष दिशा निर्देश देकर उन्हें ट्रेंड किया।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 14 | पत्रिका | इंदौर | 11.2.2025 | | फाइनल सेफ्टी ऑडिट: ओके रिपोर्ट मिलते ही इंदौरी इसी माह कर सकेंगे मेट्रो ट्रेन में सफर, आज भी जांचेंगे इंतजाम |


INDOREPRIME
इंदौर प्राइम
पत्रिका patrika.com
इंदौर, मंगलवार, 11 फरवरी, 2025


सीएमआरएस की टीम ने 5.8 किमी में ट्रैक, स्टेशन, प्लेटफॉर्म के नट-बोल्ट से लेकर हर छोटे-बड़े काम का किया निरीक्षण

# फाइनल सेफ्टी ऑडिट: ओके रिपोर्ट मिलते ही इंदौरी इसी माह कर सकेंगे मेट्रो ट्रेन में सफर, आज भी जांचेंगे इंतजाम




पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


**इंदौर.** शहरवासियों का मेट्रो ट्रेन में सफर करने का सपना साकार होता नजर आ रहा है। कमर्शियल रन से पहले सेफ्टी ऑडिट करने कमिश्नर मेट्रो रेल सिक्योरिटी (सीएमआरएस) की टीम ने सोमवार को सिविल कार्यों का फाइनल निरीक्षण किया। टीम ने हर विभाग के स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी कार्यों की रिपोर्ट देखी। गांधी नगर डिपो से सुपर कॉरिडोर स्टेशन नं. 3 तक 5.8 किमी में यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े हर काम को बारिकी से जांचा। मंगलवार को भी जांच की जाएगी।

अफसरों ने बताया कि दिल्ली से आए अधिकारियों ने मेट्रो के सिविल कार्यों का मैदानी निरीक्षण किया, ताकि कमर्शियल रन के बाद यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत न हो। इसके लिए सीएमआरएस के 4-5 अधिकारियों ने ट्रैक, स्टेशन, प्लेटफॉर्म पर इन-आउट सेंसर डोर, लिफ्ट, सीढ़ी, एस्कलेटर, टिकट काउंटर, अग्निशमन यंत्र, कैमरे, इलेक्ट्रिफिकेशन आदि से जुड़ी हर चीज की जांच की। सभी उपकरणों का उपयोग कर उनमें कमियां दूर करने के निर्देश दिए। इस दौरान इंदौर मेट्रो के हर विभाग के अधिकारी भी साथ थे। 5.8 किमी के एलिवेटेड कॉरिडोर में बने ट्रैक और बीच में आने वाले पांच स्टेशनों पर लगे उपकरणों की जांच की। ट्रैक पर मेट्रो के कोच दौड़ाकर ट्रैक के मोड़ की मजबूती को परखा। ताकि, मेट्रो ट्रेन के टर्न लेते समय यात्रियों को परेशानी न हो।



फोटो : रवींद्र सेठिया

## जांच में इन पर फोकस

- ट्रैक की सुरक्षा।
- ट्रैक के नट-बोल्ट की जांच।
- सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करना।
- स्टेशन निर्माण में उपयोगी उपकरणों को जांचना।
- लोक सुविधा के लिए लगाए गए सिस्टम का ट्रायल करना।



## सब कुछ ठीक तो ही मिलेगी हरी झंडी

एमपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएमआरसीएल) के अधिकारी ने बताया कि सभी दस्तावेज सीएमआरएस टीम को पहले ही सौंप दिए गए हैं। सोमवार और मंगलवार के निरीक्षण के बाद दिल्ली में ऑडिट रिपोर्ट के सभी दस्तावेजों की भी जांच की जाएगी। सीएमआरएस से ग्रीन सिग्नल मिलते ही मेट्रो का कमर्शियल रन इसी महीने से शुरू हो सकता है। निरीक्षण में सब कुछ सही मिलने पर ही सीएमआरएस की टीम ओके रिपोर्ट देगी।

## जल्द सौगात के लिए खास तैयारी

मेट्रो का दिसंबर 2024 में कमर्शियल रन नहीं हो पाया, लेकिन अब एमपीएमआरसीएल के अधिकारियों ने कमर कस ली है। सीएमआरएस की टीम के निरीक्षण से पहले स्थानीय अधिकारियों ने भी पिछले दिनों पांच स्टेशन, जन सुविधा और ट्रैक सुरक्षा के पैरामीटर्स की जांच की थी। स्टेशन की आंतरिक सफाई और धुलाई, स्टेशन के अंदर-बाहर डेकोरेशन, फिनिशिंग सहित लोक सुविधा और यात्रियों के लिए लगाए गए सिस्टम का भी लगातार ट्रायल किया गया था।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 15 | पत्रिका | इंदौर | 13.02.2025 | 04 | मेट्रो ट्रेन का निरीक्षण |

पत्रिका

मेट्रो ट्रेन का निरीक्षण

# सेफ्टी ऑडिट पूरा, ओके रिपोर्ट मिलते ही शुरू होगा कमर्शियल रन



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** पिछले तीन दिन से चल रहा कमिश्नर मेट्रो रेल सिक्योरिटी (सीएमआरएस) की टीम का सेफ्टी ऑडिट बुधवार को पूरा हुआ। दो दिन में प्रायोरिटी कॉरिडोर गांधी नगर डिपो से सुपर कॉरिडोर स्टेशन नं. 2 तक सिविल कार्यों का निरीक्षण किया गया तो बुधवार को टीम ने इंदौर मेट्रो के स्थानीय अधिकारियों साथ बैठक कर सिविल कार्यों के प्रोजेक्ट की जांच की।

मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमपीएमआरसीएल) के मुताबिक, ऑडिट में टीम के सदस्यों ने दो दिन तक ग्राउंड पर जाकर लिफ्ट, सीढ़ी, एस्कलेटर, टिकट काउंटर, इन-आउट सेंसर डोर, अग्निशमन यंत्र, कैमरे, इलेक्ट्रिफिकेशन आदि उपकरणों की जांच कर उनकी गुणवत्ता देखी। इसके बाद उन्हीं कार्यों के लिए तैयार किए प्रोजेक्ट से जुड़े दस्तावेज देखे। ऑडिट पूरा करने के बाद सीएमआरएस टीम दिल्ली रवाना हो गई। ऑडिट रिपोर्ट दिल्ली में कमिश्नर द्वारा जांची जाएगी। जल्द ही ओके रिपोर्ट एमपीएमआरसीएल को मिलने के बाद कमर्शियल रन होगा।

13/02/2025 | Indore City | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | पत्रिका | इंदौर | 14.02.2025 | 04 | एमडी ने किया निरीक्षण, काम पूरे करने के निर्देश |

पत्रिका

## एमडी ने किया निरीक्षण, काम पूरे करने के निर्देश

# सीएमआरएस की हरी झंडी मिलते ही शुरू होगा मेट्रो का संचालन



**इंदौर @ पत्रिका.** कमिश्नर मेट्रो रेल सिक्योरिटी (सीएमआरएस) की टीम स्टेशनों का दौरा कर वापस जा चुकी है, अब रिपोर्ट के आने का इंतजार है। सीएमआरएस की हरी झंडी मिलने के बाद मेट्रो का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

टीम ने कुछ छोटी-छोटी कमियां बताई हैं, जिसे पूरा करने के लिए काम शुरू हो गया है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने मेट्रो कॉरिडोर का दौरा कर काम जल्द पूरे करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सुपर कोरिडोर के स्टेशन 2 से मालवीय नगर चौराहा स्टेशन का निरीक्षण किया। यात्रियों से संबंधित सुविधाओं जैसे स्टेशन के दोनों ओर एंट्री-एक्जिट, लिफ्ट, एस्केलेटर, कंट्रोल रूम इत्यादि निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। आइएसबीटी व मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी के तहत फुट ओवर ब्रिज के जरिए मेट्रो स्टेशन एवं बस स्टैंड को जोड़ने वाले कार्य का भी निरीक्षण किया एवं जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान मेट्रो ट्रेन के स्थानीय सभी अधिकारी और ठेकेदारों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

14/02/2025 | Indore City | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 17 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 14.02.2025 | J4 | मेट्रो ट्रेन: कॉर्पोरेशन के एमडी ने किया निरीक्षण, कमर्शियल रन के बचे काम पूरे करने पर जोर |

दैनिक भास्कर इंदौर 14-02-2025

**मेट्रो ट्रेन** • कॉर्पोरेशन के एमडी ने किया निरीक्षण, कमर्शियल रन के बचे काम पूरे करने पर जोर

# सुपर कॉरिडोर के बाद रिंग रोड पर भी आकार लेने लगे स्टेशन



रेडिसन चौराहे से रोबोट चौराहे के बीच ट्रैक व स्टेशन का काम चल रहा।

भास्कर संवाददाता | इंदौर

गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर के टीसीएस चौराहा तक 6 किलोमीटर में मेट्रो ट्रेन के कमर्शियल रन की तैयारी के बीच सुपर कॉरिडोर से रोबोट चौराहा तक भी काम तेजी से पूरा करने पर जोर है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने गुरुवार को सुपर कॉरिडोर से रोबोट चौराहा तक चल रहे काम का निरीक्षण किया। सुपर कॉरिडोर के दूसरे नंबर वाले स्टेशन से निरीक्षण शुरू हुआ। यात्री सुविधाओं जैसे प्रवेश-निकास, लिफ्ट, एस्केलेटर, प्रसाधन और नियंत्रण कक्ष सहित विभिन्न सुविधाओं को देखा। स्टेशन के आंतरिक व बाहरी सौंदर्यीकरण कार्यों की भी समीक्षा की गई।

एमडी ने एमआर-10 और खजराना चौराहा पर बन रहे रिसीविंग सब-स्टेशन की प्रगति रिपोर्ट ली। सभी को टाइमलाइन में पूरा करने के निर्देश दिए। आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन पर मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी के तहत फुट ओवर ब्रिज बन रहा है। उसके कामों की गुणवत्ता की जांच की गई। इस काम को जल्दी पूरा करने के लिए कहा गया। सिविल और सिस्टम संबंधी प्रगति की जानकारी ली और सभी ठेकेदारों को समन्वय के साथ तय समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में निदेशक (सिस्टम) शोभित टंडन, निदेशक (प्रोजेक्ट्स) अजय गुप्ता, महाप्रबंधक (सिविल एलिवेटेड) रणवीर सिंह राजपूत, महाप्रबंधक (सिविल अंडरग्राउंड) अजय कुमार सहित जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण से जुड़े अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे।

### रोबोट चौराहा तक 17.5 किमी में जुलाई तक कमर्शियल रन का दावा

मालूम हो, गांधी नगर से रोबोट चौराहा तक 17.5 किमी के हिस्से में जुलाई तक कमर्शियल रन का दावा है। फिलहाल 6 किमी के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर आम जनता के लिए मेट्रो चलाने के लिए सीएमआरएस की मंजूरी का इंतजार है। दो बार उनकी टीम निरीक्षण कर चुकी है। तीसरी बार के निरीक्षण के बाद एनओसी मिल पाएगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 18 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 14.02.2025 | 04 | सुपर कॉरीडोर से मालवीय नगर तक मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण |

# सुपर कॉरिडोर से मालवीय नगर तक मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण

## स्टेशन के दोनों ओर एंट्री- एक्सिट, लिफ्ट सहित अन्य सुविधाएं देखीं

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर

editor@peoplessamachar.co.in

गुरुवार को इंदौर मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत सुपर कॉरिडोर 02 स्टेशन से मालवीय नगर चौराहा स्टेशन का स्थलीय निरीक्षण एस. कृष्ण चैतन्य, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों की सुविधाओं को देखा और कमियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

प्रबंध संचालक द्वारा बुधवार को इंदौर मेट्रो कार्यालय में सभी अधिकारियों, कान्ट्रेक्टर प्रतिनिधियों एवं जनरल कंसल्टेंट के साथ प्रायोरिटी सेक्शन की समीक्षा की गई थी।

स्थलीय निरीक्षण की शुरुआत सुपर कॉरिडोर 02 स्टेशन से शुरू की गई एवं मालवीय नगर चौराहा मेट्रो स्टेशन तक कार्यों का जायजा लिया गया। प्रबंध संचालक द्वारा आम यात्री से संबंधित सुविधाओं, जैसे- स्टेशन के दोनों ओर एंट्री- एक्सिट, लिफ्ट, एस्कलेटर, प्रसाधन सुविधाएं, कंट्रोल रूम इत्यादि निर्माण कार्यों का अवलोकन किया गया।



एस. कृष्ण चैतन्य, प्रबंध संचालक, मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने निरीक्षण किया।

### सौन्दर्यीकरण का भी लिया जायजा

प्रबंध संचालक द्वारा एमआर-10 तथा खजराना चौराहा पर बन रहे रिसिविंग सब-स्टेशन की प्रगति को लेकर जानकारी प्राप्त की एवं निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए, साथ ही प्रबंध संचालक द्वारा आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी के तहत फुट ओवरब्रिज के जरिए आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन एवं बस स्टैंड को जोड़ने वाले कार्य का भी निरीक्षण किया एवं जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। गुरुवार को एस. कृष्ण चैतन्य, आईएएस, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा इंदौर मेट्रो सुपर कोरिडोर 02 स्टेशन से मालवीय नगर चौराहा स्टेशन का निरीक्षण किया गया। प्रबंध संचालक द्वारा सुपर कॉरिडोर 02 स्टेशन से स्थल निरीक्षण की शुरुआत करते हुए मालवीय नगर चौराहा स्टेशन तक चल रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया, जिसमें सिविल तथा सिस्टम इत्यादि की प्रगति संबंधी कार्यों की जानकारी ली। प्रबंध संचालक द्वारा प्रोजेक्ट से जुड़े सभी कॉन्ट्रेक्टर्स को आपसी सामंजस्य से तय समय में प्रायोरिटी कॉरिडोर पर सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 19 | पारिवारिक दस्तक | इंदौर | 14.02.2025 | 02 | मेट्रो कॉरीडोर की जमीनी हकीकत को जाना |



# मेट्रो कॉरिडोर की जमीनी हकीकत को जाना

## प्रबंध संचालक कृष्ण चैतन्य ने कार्यों का निरीक्षण किया

**इन्दौर ( दस्तक )।**
**प्रबंध संचालक द्वारा इंदौर मेट्रो कार्यालय मे सभी अधिकारियों, कान्ट्रैक्टर प्रतिनिधियों एवं जनरल कंसल्टेंट के साथ प्रायोरिटी सेक्शन की समीक्षा की गई थी स्थलीय निरीक्षण की शुरुआत सुपर कोरिडोर 02 स्टेशन से आरंभ की गई एवं मालवीय नगर चौराहा मेट्रो स्टेशन तक कार्यों का जायजा लिया गया प्रबंध संचालक द्वारा आमजन यात्री से संबंधित सुविधाओ जैसे स्टेशन के दोनों ओर एंट्री एक्सिट, लिफ्ट, एस्कलैटर, प्रसाधन सुविधाएँ, कंट्रोल रूम इत्यादि निर्माण कार्यों का अवलोकन किया।**

प्रबंध संचालक द्वारा स्टेशन के आंतरिक एवं बाहरी सौन्दर्यीकरण के कार्यों का भी जायजा लिया प्रबंध संचालक द्वारा MR-10 तथा खजराना चौराहा पर बन रहे रिसिविंग सब-स्टेशन की प्रगति को लेकर जानकारी प्राप्त की एवं निर्धारित समय मे पूर्ण करने के निर्देश दिए प्रबंध संचालक द्वारा आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी के तहत फुट ओवर ब्रिज (FoB) के जरिए आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन एवं बस स्टैन्ड को जोड़ने वाले कार्य का भी निरीक्षण किया एवं जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए को एस. कृष्ण चैतन्य, आईएएस, प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा इंदौर मेट्रो सुपर कोरिडोर 02 स्टेशन से मालवीय नगर चौराहा स्टेशन (Radisson Square) का स्थलीय निरीक्षण किया गया प्रबंध संचालक द्वारा सुपर कोरिडोर 2 स्टेशन से स्थल निरीक्षण की शुरुआत करते हुए मालवीय नगर चौराहा स्टेशन तक चल रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। जिसमे सिविल तथा सिस्टम इत्यादि की प्रगति संबंधी कार्यों की जानकारी ली प्रबंध संचालक द्वारा प्रोजेक्ट से जुड़े सभी Contractors को आपसी सामंजस्य से तय समय मे प्रयोरिटी कॉरीडोर पर सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए प्रबंध संचालक के समीक्षा बैठक एवं निरीक्षण में वरिष्ठ अधिकारीगण श्री शोभित टंडन निदेशक (सिस्टम), अजय गुप्ता, निदेशक (प्रोजेक्ट्स), रणवीर सिंह राजपूत महाप्रबंधक (सिविल एलेवेटड), अजय कुमार महाप्रबंधक (सिविल अन्डरग्राउन्ड), के साथ-साथ जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण संवेदकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | Free Press | Indore | 14.02.2025 | 05 | MD inspects Indore Metro Priority Corridor Progress |

# MD inspects Indore Metro Priority Corridor progress

**Our Staff Reporter**
INDORE

Managing director of Madhya Pradesh Metro Rail Corporation conducted an on-site inspection of the Indore Metro Priority Corridor from Super Corridor 2 Station to Malviya Nagar Square (Radisson Square) Station.



During the inspection, the MD evaluated passenger-centric facilities, including entry-exit points, lifts, escalators, restrooms, and the control room at various stations. He also assessed interior and exterior beautification works at the stations. Additionally, he reviewed the MR-10 and Khajrana Square Receiving Sub-Stations (RSS) and directed their completion within the stipulated timeframe.

At the ISBT Metro Station, he inspected the construction of a Foot Over Bridge (FoB) that will connect the metro station to the bus stand, instructing officials to expedite its completion.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 21 | हिंदुस्तान मेल | इंदौर | 15.02.2025 | 01 | अब 11 किमी के हिस्से में काम पूरा करने पर फोकस |


दैनिक हिन्दुस्तान मेल
आपकी आवाज, हमारी कलम
www.hindustanmail.com
इंदौर, शनिवार, 15 फरवरी, 2025



रामलला के आज के दर्शन





हिन्दुस्तान मेल से संपर्क करे - 9009990038


मेट्रो प्रोजेक्ट

# अब 11 किमी के हिस्से में काम पूरा करने पर फोकस

## 6 किमी में जल्द कमर्शियल रन की तैयारी, दिन-रात चल रहा है काम


हिन्दुस्तान मेल



अनिल शुक्ला




इसी साल 17 किलोमीटर में मेट्रो दौड़ाने का टॉरगेट

**इंदौर।** मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के तहत मेट्रो के गांधी नगर डिपो से प्रायोरिटी कॉरिडोर टीसीएस चौराहा तक 6 किलोमीटर तक का कार्य पूरा होने के बाद अब कमर्शियल रन की तैयारी है। इसी के साथ अब एमपी मेट्रो रेल कार्पोरेशन का रोबोट चौराहा तक काम पूरा करने पर फोकस बना हुआ है। करीब 11 किलोमीटर लम्बे कार्य को युद्ध स्तर पर पूरा कर इसी साल 17.5 किलोमीटर हिस्से में मेट्रो चलाने की योजना है।

इंदौर में मेट्रो रेल जल्द ही दौड़ने वाली है। मेट्रो के गांधी नगर डिपो से लेकर सुपर कॉरिडोर टीसीएस चौराहा तक न सिर्फ काम पूरा हो गया है बल्कि प्रायोरिटी कॉरिडोर के इस 6 किलोमीटर के हिस्से में मेट्रो ट्रेन के कमर्शियल रन की तैयारियां है। कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी सीएमआरएस की टीम ने सेफ्टी ऑडिट का काम लगभग पूरा कर लिया है। ओके रिपोर्ट मिलते ही मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू हो जाएगा।

खास बात यह कि प्रायोरिटी कॉरिडोर के 6 किमी हिस्से में काम पूरा होने के बाद अब एमपी मेट्रो रेल कार्पोरेशन का फोकस प्रोजेक्ट को आगे रफ्तार देने पर बना हुआ है। सुपर कॉरिडोर स्टेशन नम्बर 2 से रोबोट चौराहा तक करीब 11 किमी के हिस्से कार्य पूरा किया जाना है। यह काम पूरा होने के बाद पहले चरण में मेट्रो का संचालन गांधी नगर से रोबोट चौराहा तक 17.5 किलोमीटर हिस्से शुरू हो जाएगा। एमपी मेट्रो रेल कार्पोरेशन ने जुलाई तक काम पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इस टॉरगेट को ध्यान में रखते हुए मेट्रो रेल कार्पोरेशन ने पूरी ताखत झोंक दी है। काम दिन रात युद्ध स्तर पर जारी है। मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने मोर्चा संभाल रखा है। उन्होंने अफसरों के साथ मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत सुपर कॉरिडोर 2 स्टेशन से मालवीय नगर रोबोट चौराहा स्टेशन तक मैदानी निरीक्षण किया।

एमडी चैतन्य ने यात्री से संबंधित सुविधाओं स्टेशन के दोनों ओर एंट्री-एक्जिट, लिफ्ट, एस्कलैटर, प्रसाधन सुविधाएं, कंट्रोल रूम इत्यादि निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। स्टेशन के आंतरिक एवं बाहरी सौंदर्यीकरण के कार्यों का भी जायजा लिया। एमडी ने एमआर-10 तथा खजराना चौराहा पर बन रहे रिसिविंग सब-स्टेशन की प्रगति को लेकर भी अफसरों से जानकारी प्राप्त की एवं निर्धारित समय मे पूर्ण करने के निर्देश दिए।

एमडी चैतन्य द्वारा आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी के तहत फुट ओवर ब्रिज के जरिए आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन एवं बस स्टैंड को जोड़ने वाले कार्य का भी निरीक्षण किया एवं कार्य को रफ्तार से पूरा करने के लिए कहा। निरीक्षण के बाद एमडी चैतन्य ने मेट्रो के अफसर, कॉन्ट्रेक्टर, जनरल कंसल्टेंट और अन्य सम्बन्धितों के साथ समीक्षा बैठक की और मेट्रो प्रोजेक्ट से जुड़े सभी कार्य आपसी सामंजस्य से तय समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक एवं निरीक्षण के दौरान शोभित टंडन निदेशक (सिस्टम), अजय गुप्ता, निदेशक (प्रोजेक्ट्स), रणवीर सिंह राजपूत महाप्रबंधक (सिविल एलेवेटड), अजय कुमार महाप्रबंधक (सिविल अन्डरग्राउंड), के साथ-साथ जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण संवेदकों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### रफ्तार से हो रहा है काम : चैतन्य

एमपी मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने हिंदुस्तान मेल को बताया कि गांधी नगर मेट्रो डिपो से टीसीएस चौराहा स्टेशन तक काम पूरा होने के साथ ही सीएमआरएस टीम ने भी सेफ्टी ऑडिट कर लिया है। आगे की कार्रवाई भी जारी है। अब हमारा सारा फोकस गांधी नगर से रोबोट चौराहा तक का काम पूरा करने पर बना हुआ है। सभी काम रफ्तार से जारी है। कार्य निर्धारित समय में पूरा हो, इसकी पूरी कोशिश जारी है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 22 | प्रजा तंत्र | इंदौर | 15.02.2025 | 03 | मेट्रो स्टेशन और आइएसबीटी में संबंध मजबूत हुए |

## प्र. सिटी

# मेट्रो स्टेशन और आईएसबीटी में संबंध मजबूत हुए



इंदौर। मेट्रो के काम की गति को ऐसे भी समझा जा सकता है। विकास प्राधिकरण ने कुमेड़ी में अंतरराज्यीय बस अड्डे का निर्माण किय् है। उस आईएसबीटी से मेट्रो स्टेशन को जोड़ने के लिये पैदल पुल का निर्माण प्रस्तावित है।मेट्रो कॉरपोरेशन ने एस्केलेटर लगाने का काम प्रारंभ कर दिया है। इस चलसोपान या चलित सीढ़ी के द्वारा लोग खड़े खड़े ही, उसकी चल की दिशा में, एक तल से दूसरे तल पर पहुँच सकते हैं। चल सोपान के अनेक भाग इस प्रकार जुड़े हुए होते हैं कि देखने में वे सीढ़ी जैसे ही दिखाई देते हैं, उसी की तरह प्रयोग में भी लाए जाते हैं। **फोटो** : शंकर मौर्य

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 23. | पत्रिका | इंदौर | 18.02.25 | 2 | 25 कोच के लिए तैयार हो रहे हैं मेट्रो डिपो, आधुनिक वॉशिंग सेंटर में की जाएगी सफ़ाई |

पत्रिका

#MetroTrain

सीएमआरएस को जल्द बुलाने का प्रयास

# 25 कोच के लिए तैयार हो रहे हैं मेट्रो डिपो, आधुनिक वॉशिंग सेंटर में की जाएगी सफाई

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** मेट्रो कॉरिडोर पर कमिश्नर मेट्रो रेल सिक्योरिटी (सीएमआरएस) की टीम ने जो कमियां बताई थीं, उन्हें पूरा करने का काम चल रहा है। यहां आधुनिक वॉशिंग सेंटर स्थापित करने की भी कवायद हैं। इधर, सीएमआरएस को भी बुलाने के प्रयास तेज हो गए हैं, ताकि फरवरी अंत तक मेट्रो ट्रेन का संचालन शुरू हो सके।



मेट्रो कॉरिडोर पर तीन डिब्बों वाले 25 कोच का संचालन किया जाएगा। अभी 11 कोच आए हैं। गांधीनगर डिपो में पहले 6 कोच खड़े करने के लिए शेड बने थे, लेकिन अब सभी 25 कोच के लिए शेड बनाने का काम तेजी से चल रहा है। मेट्रो का संचालन होने की स्थिति में सभी कोच की सफाई के लिए आधुनिक वॉशिंग सेंटर बन रहा है। अफसरों के मुताबिक, पिछले दिनों आई सीएमआरएस की टीम ने कुछ कमियां बताई थीं, जिन्हें दूर किया जा रहा है। अब सीएमआरएस के आने का इंतजार है। टीम एक दिन के दौरे पर रहेगी और उसकी हरी झंडी मिलने के बाद करीब 5.8 किलोमीटर हिस्से में मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू हो जाएगा।

18/02/2025 | Indore City | Page : 2
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 24 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 19.02.25 | 5 | पहले चरन के अंतिम मेट्रो स्टेशन रेडिसन पर शेड लगाने की तैयारी |

# पहले चरण के अंतिम मेट्रो स्टेशन रेडिसन पर शेड लगाने की तैयारी

## 11 किलोमीटर के मेट्रो ट्रैक पर 10 स्टेशन किए जा रहे तैयार

**पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर**
मो.नं. 9584460010


फाइल फोटो

इंदौर में मेट्रो प्रोजेक्ट का पहला चरण पूर्ण करने की दिशा में मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में 6 किलोमीटर में 5 मेट्रो स्टेशन आकार ले चुके हैं, जो गांधीनगर से टीसीएस चौराहे के बीच हैं। इसके आगे की ओर रेडिसन चौराहे तक 10 मेट्रो स्टेशन 11 किलोमीटर में बनाए जा रहे हैं। पहले चरण का अंतिम मेट्रो स्टेशन रेडिसन चौराहे के पास बनाया जा रहा है। यहां भी स्टेशन का शेड डालने के लिए स्ट्रक्चर तैयार हो चुका है। इसके साथ विजयनगर, सुखलिया, हीरानगर, एमआर-10 आईएसबीटी, एमआर-10 रोड, भौंरासला चौराहा, सुपर कॉरिडोर-6 स्टेशन का काम चल रहा है, जिस पर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारी निगरानी बनाए हुए हैं।

**स्टेशन पर हो यह कार्य**- मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने बताया कि सुपर कॉरिडोर से रोबोट चौराहे तक पिछले दिनों निरीक्षण किया गया था। यहां स्टेशन का सिविल वर्क जारी है। इसके साथ यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिसमें प्रवेश-निकास, लिफ्ट, एस्केलेटर, प्लेटफॉर्म, शेड, अनाउंसमेंट सिस्टम, प्रसाधन और नियंत्रण, स्टेशन के आंतरिक व बाहरी सौंदर्यीकरण का काम किया जा रहा है।

### जल्द मिलेगी सीएमआरएस रिपोर्ट

एमआर-10 और खजराना चौराहा पर बन रहे रिसीविंग सब-स्टेशन की प्रगति का काम टाइम लाइन में पूरा करने के निर्देश दिए। आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन पर मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी के तहत फुट ओवरब्रिज बन रहा है। रेलवे सुरक्षा आयुक्त का निरीक्षण जारी है, जिसकी रिपोर्ट मिलने के बाद यहां मेट्रो चलाई जाएगी।

"हमारा प्रयास है कि इंदौर में मेट्रो का पहला चरण जुलाई तक पूरा कर लिया जाए। इसी लक्ष्य को लेकर हमारी टीम आगे बढ़ रही है। यहां स्टेशन इमारत का निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए काम की गति बढ़ाई गई है। इंदौरवासियों को जल्द ही मेट्रो की सौगात मिलेगी।

**- एस. कृष्ण चैतन्य,**
एमडी, मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन